कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए दंडाधिकारियों को दिए निर्देश, केंद्रों पास निषेधाज्ञा लगी

आज 78 केंद्रों पर झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा होगी

धनबाद, मुख्य संवाददाता। धनबाद के 78 केंद्रों में रविवार को झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा होगी। 29952 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। शनिवार शाम से ही रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। परीक्षा तीन पालियों में ली जाएगी। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरी पाली सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक एवं तीसरी पाली दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित है।

जिला प्रशासन ने केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया है कि हर परीक्षार्थी की सघन जांच हो, ताकि फर्जी परीक्षार्थी प्रवेश न कर सके। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए 78 स्टैटिक दंडाधिकारी, 43 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, 9 फ्लाइंग स्क्वायड एवं 105 ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गई है। इधर अनुमंडलाधिकारी ने केंद्रों के सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी किया है।

परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, पेजर, लॉग टेबल, स्मार्ट वॉच सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण लेकर सेंटर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

धनबाद स्टेशन पर परीक्षा देने के लिए पहुंचे परिक्षार्थी।

परीक्षार्थी के लिए महत्वपूर्ण

- किसी भी परीक्षार्थी को बिना एडमिट कार्ड के प्रवेश नहीं मिलेगा।
- परीक्षार्थी केवल ब्लैक बॉल प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करेंगे।
- परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संचालित की जाएगी।
- परीक्षा केंद्रों पर सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू
- सभी सेंटर में जैमर भी रहेंगे।

पटना के लिए आज चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

धनबाद, मुख्य संवाददाता । परीक्षा के कारण 19 जुलाई को धनबाद से गंगा दामोदर एक्सप्रेस से पहले गोमो, गया, जहानाबाद होकर पटना के लिए एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इसके अलावा स्पेशल ट्रेन और लोकल ट्रेनों की रेक से कई रूटों पर परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। धनबाद-पटना स्पेशल रात नौ बजे धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो से खुलेगी। धनबाद से रांची के बीच प्लेटफॉर्म नंबर छह या सात से रात 8.30 बजे स्पेशल ट्रेन खुलेगी, जो कतरास, बोकारो रुकते हुए रांची जाएगी। इसी तरह धनबाद से टाटा के बीच चलने वाली झाड़ग्राम मेमू की रेक को परीक्षा स्पेशल बना कर रविवार को दोपहर 2.15 बजे की बजाय प्लेटफॉर्म नंबर पांच से शाम 7.30 बजे रवाना किया जाएगा। धनबाद से गझंडी के बीच आनसोल-बरकाकाना की रेक से परीक्षा स्पेशल चलेगी। इसलिए बरकाकाना पहुंचने के बाद ट्रेन को गझंडी तक चलाया जाएगा। इसलिए ट्रेन आसनसोल से शाम साढ़े पांच बजे की जगह शाम 4.30 बजे खुलेगी।

एसईआर से भी चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें

साउथ ईस्टर्न रेलवे ने दो दिन पूर्व ही धनबाद होकर रांची से दुमका, गोमो होते हुए टाटा से हजारीबाग रोड, रांची-पटना स्पेशल ट्रेनें चलेंगी।

तेलीपाड़ा काली मंदिर में शनिवार को मां विपदतारिणी पूजा के लिए जुटी भीड़।

सुख-समृद्धि के लिए की मां विपदतारिणी की पूजा

धनबाद, वरीय संवाददाता। जिलेभर में शनिवार को मां विपदतारिणी की पूजा श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक विधि-विधान से हुई। सुबह से ही मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर मां की आराधना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, संतानों की लंबी आयु और सभी संकटों से रक्षा की प्रार्थना की। पूजा के दौरान 13 प्रकार के फल, फूल, मिठाइयां, पान, सुपारी समेत अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर विशेष अनुष्ठान कराया गया। सामूहिक रूप से विपदतारिणी व्रत कथा सुनी।

पूजा के बाद महिलाओं ने पूजित रक्षा डोर को घर के प्रत्येक सदस्य के नाम से उनके हाथ में बांधा। धार्मिक मान्यता है कि मां विपदतारिणी की कृपा से परिवार पर आने वाली विपत्तियां दूर होती हैं तथा सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। पूजा बंगाली समाज के लोग करते हैं।

प्रमुख मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

हीरापुर हरि मंदिर, तेलीपाड़ा दुर्गा मंदिर, कोयला नगर काली मंदिर, पतराकुल्ही काली मंदिर, मनईटांड़ भोक्ता मंदिर, धैया बांध धार काली मंदिर समेत जिले के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई। कई स्थानों पर मां विपदतारिणी की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा की गई।

शहर 30s

धनसार के सिद्धिविनायक में लगे आनंद मेला में खरीदारी करतीं महिलाएं।

मारवाड़ी महिला समिति के मेले में जुटी भीड़

धनबाद। मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा की ओर से शनिवार दो दिवसीय आनंद मेला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर समिति की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष निर्मला तुलस्यान, अरुणा भगानिया, अनीता अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष अनीता मुकिम, प्रांतीय कोषाध्यक्ष किरण गोयनका, संजू डालमिया, प्रीति अग्रवाल, बबिता पोद्दार, सुषमा केजरीवाल, ऋद्धि शर्मा, बबिता हंसा, सारिका सिंघल सहित समिति की अनेक सदस्या उपस्थित थीं। मेले में कोलकाता, बनारस, दिल्ली, मुंबई, आसनसोल, दुर्गापुर, सूरत और धनबाद सहित विभिन्न शहरों से आए स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने। लोगों ने जमकर खरीदारी की।

बिल्डर मीट का उद्घाटन करते एसबीआई के अधिकारी व अन्य।

एसबीआई की बिल्डर मीट में होम लोन पर चर्चा

धनबाद। एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद की ओर से शुक्रवार को एक होटल में बिल्डर मीट का आयोजन हुआ। इसमें एसबीआई झारखंड के महाप्रबंधक बैनुधर पढ़ी, धनबाद के उपमहाप्रबंधक प्रफुल्ल कुमार झा तथा क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा मौजूद थे। शहर के प्रमुख बिल्डरों ने बैठक में भाग लिया। बैंक अधिकारियों ने बिल्डर फाइनेंस, होम लोन, विभिन्न प्रकार के करंट अकाउंट तथा रेरा अकाउंट से जुड़ी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

ब्लड चढ़ाने को ले नर्स व परिजनों में नोकझोंक

धनबाद। धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के थैलेसीमिया डे-केयर यूनिट में शनिवार को बच्चों को रक्त चढ़ाने को लेकर नर्स और परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्चों को समय पर ब्लड चढ़ाने का अनुरोध करने पर ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने आनाकानी की और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। वहीं नर्सों का कहना है कि उनकी ड्यूटी पीडियाट्रिक वार्ड में भी थी। वहां एक गंभीर बच्चे का इलाज चल रहा था। उन्होंने परिजनों से कुछ देर इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन वे तत्काल आने की जिद करने लगे और विवाद की स्थिति बन गई।

धनबाद राउंड टेबल की नई टीम को कमान

- वार्षिक आमसभा के बाद हुआ पदभार हस्तांतरण
- शिक्षा व समाज सेवा में कार्य का लिया संकल्प

धनबाद, वरीय संवाददाता। सामाजिक सेवा और फ्रीडम थ्रू एजुकेशन के उद्देश्य को समर्पित धनबाद राउंड टेबल 342 (डीआरटी-342) की सातवीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) एवं पदभार हस्तांतरण समारोह शनिवार को एक रिजॉर्ट में हुआ। इसमें करीब 30 परिवारों की सहभागिता रही। आयोजन के दौरान फेलोशिप, सम्मान समारोह और पारिवारिक सहभागिता का उत्साह देखने को मिला। समारोह में वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर नई टीम को औपचारिक रूप से जिम्मेदारियां सौंपीं।

नई टीम में रोहित अग्रवाल अध्यक्ष, अंकित उपाध्याय सचिव, हरगोबिंद अग्रवाल कोषाध्यक्ष, विनीत लोहारीवाल उपाध्यक्ष तथा सूरज सरिया को पूर्व अध्यक्ष (आईपीसी) की जिम्मेदारी सौंपी गई।

SENGAR HOSPITAL
सेंगर हॉस्पीटल
Rc-9, Housing Colony, Dhanbad
Mob.- 7542028885, 8789363838
DR. SMITA PRIYADARSHINI
M.B.B.S. M.D. (Medicine)
D.M. (Nephrology)
NEPHROLOGIST (किडनी रोग विशेषज्ञ)
DR. PIYUSH KUMAR SENGAR
M.B.B.S. M.D. (Anaesthesia)
Fellowship (Pain)
PAIN Specialist
(दर्द रोग विशेषज्ञ)

आयुष्मान से हुआ तीन महिलाओं का इलाज

धनबाद। सदर अस्पताल में आयुष्मान योजना से तीन महिलाओं का निःशुल्क इलाज किया गया। शनिवार को परमिला देवी, आशा देवी और राखी देवी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि परमिला और आशा लंबे समय से अत्यधिक रक्तस्राव से पीड़ित थीं।

कटौती के बावजूद टीडीएस गायब

- धनबाद के 250 से अधिक एनएचएम कर्मचारी समस्या से जूझ रहे
- तकनीकी गड़बडी से ऑनलाइन नहीं दिख रहा चार माह का टीडीएस

धनबाद, प्रमुख संवाददाता। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत जिले के 15 हजार रुपये से अधिक मासिक मानदेय पानेवाले 250 से अधिक कर्मचारी इन दिनों टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) की तकनीकी गड़बड़ी से परेशान हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले वित्तीय वर्ष में नवंबर से फरवरी तक का टीडीएस उनके मानदेय से नियमित रूप से काटा गया था, लेकिन आयकर विभाग के पोर्टल पर यह राशि अब तक दिखाई नहीं दे रही है। इसके कारण आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने में उन्हें कठिनाई हो रही है।

कर्मचारियों का कहना है कि विभाग ने मानदेय से लगभग 10 प्रतिशत टीडीएस की कटौती कर राशि ट्रेजरी में जमा करा दी थी। इसके बावजूद ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट नहीं हुआ। ऐसे में कर्मचारियों को आशंका है कि यदि समय पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें 14 हजार से 40 हजार रुपए तक का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

कर्मचारियों ने बताया कि हर वर्ष आईटीआर दाखिल करने के बाद टीडीएस की राशि रिफंड मिल जाती है। पोर्टल पर कटौती का रिकॉर्ड नहीं दिखने से वे रिटर्न दाखिल नहीं कर पा रहे हैं। रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है।

अधिकारी बोले- तकनीकी समस्या

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि नए सॉफ्टवेयर के कारण उत्पन्न हुई तकनीकी समस्या है। अगले एक-दो दिनों में सारी कमियां दूर हो जाएगी।

समस्या का समाधान करें अधिकारी: संघ

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महासचिव संजुत कुमार सहाय ने कहा कि सैकड़ों कर्मचारी समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान की आशंका है। टीडीएस रिकॉर्ड अपडेट करें।

पिटाई से घायल छात्र से मिलीं जिप अध्यक्ष

धनबाद। निरसा के बेनागड़िया स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सहपाठियों की पिटाई से घायल छात्र का हालचाल जानने जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह शनिवार को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती छात्र और उसके परिजनों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली तथा छात्र के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जिप अध्यक्ष ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि विद्यालय में वार्डन की मौजूदगी के बावजूद इस तरह की घटना होना गंभीर लापरवाही का मामला है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और ऐसी घटनाओं के लिए जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

ROSARB राँची
तृतीय तल, एल एम स्क्वायर, सुजाता चौक, मेन रोड, राँची - 834001, झारखंड

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना, परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संगठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम- 8(6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों के विक्रय का ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं ऋणी(यों), बंधककर्ता(ों) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक / प्रभारित अचल संपत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के कब्जे में है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ऋणकर्ताओं / बंधककर्ता / जमानतदार / सुरक्षित संपत्ति / बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी तिथि एवं समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्नवर्णित है :

क्र. सं.	ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण, जिसमें ज्ञात अदिभार (यदि कोई हो) भी शामिल है	कुल बकाया राशि/ ई-नीलामी की तिथि/ ई-नीलामी का समय	आरक्षित मुल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक) / सम्पत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय
01	1. मेसर्स डी.एस. एंटरप्राइजेज प्रोप्राइटर: श्रीमती संतोष कौर पति – श्री डी. एस. बिंद्रा, तेलीडीह मोड़, MRF शोरूम के निकट, चास, बोकारो, झारखंड – 827013 2. श्रीमती संतोष कौर पति – श्री डी. एस. बिंद्रा, तेलीडीह मोड़, MRF शोरूम के निकट, चास, बोकारो, झारखंड – 827013 3. श्रीमती जसप्रीत कौर (जमानतदार) पति – श्री भवनीत सिंह, बाईपास रोड, बैंक ऑफ इंडिया (BOI) के निकट, तेलीडीह रोड, चास, बोकारो, झारखंड – 827013	श्रीमती संतोष कौर, पति स्वर्गीय श्री देवेन्द्र सिंह बिंद्रा, के नाम दर्ज विक्रय विलेख संख्या 6956 दिनांक 12.12.2014 के अनुसार प्लॉट संख्या 7068, खाता संख्या 37, मौजा – चास, थाना संख्या 30, चास, जिला – बोकारो, झारखंड स्थित कुल रकबा 6.25 डिसमिल भूमि एवं उस पर निर्मित/निर्माणाधीन समस्त भवन एवं संरचनाएँ। **संपत्ति की चौहद्दी :** उत्तर: देव मार्केट, दक्षिण: विषु का भवन, पूर्व: तेलीडीह रोड, पश्चिम : भवनीत सिंह बिंद्रा	₹ 65,82,887.03 + दिनांक 01.04.2021 से अप्रयुक्त ब्याज एवं 25.08.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे	रु. 81,25,000/- / रु. 8,12,500/- / रु. 10,000/-	सांकेतिक कब्जा 16.08.2026 से 24.08.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 04:00 बजे तक

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं ऑनलाइन ऑक्शन पोर्टल **https://baanknet.com** देखें।
इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर **7542032124** पर संपर्क कर सकते हैं।
स्थान : राँची
दिनांक: 17.07.2026
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
ह0/- प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा, ROSARB राँची

Bank of India
Relationship beyond banking

बैंक ऑफ़ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, धनबाद
ब्रह्मदेव चैम्बर्स, तृतीय तल, सरायढेला, धनबाद - 828127

बकाया लॉकर किराया राशि के भुगतान हेतु सूचना

क्रं सं	शाखा	लॉकर सं	लॉकर धारकों का नाम	बकाया राशि	इस तिथि से अतिदेय
1	चिरकुंडा	000142	बरिंदा नाथ मुखर्जी	10000	11-08-2016
2	चिरकुंडा	000005	बसंत बनर्जी	10000	07-02-2017
3	चिरकुंडा	000014	भागीरथी देवी अग्रवाल	55000	01-11-2016
4	चिरकुंडा	000154	विष्णु चरण बनर्जी	10000	04-01-2017
5	चिरकुंडा	000143	ब्रतिंद्र नाथ मुखर्जी	10000	14-08-2016
6	चिरकुंडा	000081	सी बी अग्रवाला	10000	20-11-2016
7	चिरकुंडा	000130	चंदना बनर्जी	11200	07-03-2017
8	चिरकुंडा	000023	डॉ. विजय कुमार सिन्हा	7000	07-09-2019
9	चिरकुंडा	000084	ग्यात्री चौधरी	8000	22-09-2018
10	चिरकुंडा	000109	किशोर चंद जी वोराह	10000	14-03-2017
11	चिरकुंडा	000076	कुणाल रक्षित	9500	21-06-2017
12	चिरकुंडा	000071	मो. सुल्तान खान	11200	04-02-2017
13	चिरकुंडा	000219	राम नारायण पटनाहा	10000	03-10-2016
14	चिरकुंडा	000243	राम नाथ रे	5000	02-04-2022
15	चिरकुंडा	000264	राम नाथ रॉय	46200	05-02-2020
16	चिरकुंडा	000080	रेबा गोराई	9000	15-02-2018
17	चिरकुंडा	000181	सबिता कर	10000	19-10-2016
18	चिरकुंडा	000197	सच्चिदानंद बनर्जी	5700	07-02-2022
19	चिरकुंडा	000240	सरस्वती रमन	9500	18-12-2016
20	चिरकुंडा	000170	शिशिर कांति बंद्योपाध्याय	11200	12-01-2017
21	चिरकुंडा	000038	विनोति त्रिवेदी	10800	26-12-2020
22	देवघर	000146	देवेंद्र वर्मा	28500	14-10-2007
23	देवघर	000175	राम गोपाल गुप्ता	6000	10-12-2022
24	देवघर	020083	श्रवण कुमार अग्रवाल	15000	18-06-2016
25	गोमोह	000117	डॉ. रक्षण ज़फ़र	17000	07-02-2010
26	गोमोह	000146	कमलेश्वर नाथ सिन्हा	10000	03-10-2016
27	गोमोह	029	सोमनाथ कुंडू	4000	24-07-2022
28	किर्केंड	00155	अमर चंद नेलीवाल	37500	05-12-2001
29	किर्केंड	000054	बिष्णु कुमार अग्रवाल	28500	22-04-2008
30	किर्केंड	000132	बुलू सरकार	25650	20-05-2009
31	किर्केंड	000051	चंद्र शेखर सिंह	39000	01-03-2001
32	किर्केंड	000010	दिलीप कुमार	25650	22-02-2009
33	किर्केंड	000086	दीन दयाल अग्रवाल	21000	09-04-2012
34	किर्केंड	000114	गोपाल अग्रवाल	29400	05-07-2006
35	किर्केंड	000098	कौसल्या देवी	8400	22-06-2021
36	किर्केंड	000071	महेंद्र सिंह मल्होत्रा	45600	19-04-1996
37	किर्केंड	000043	मंजू दास डोकानिया	27000	16-11-2008
38	किर्केंड	000149	नागेंद्र कुमार सिंह	12600	28-11-2017
39	किर्केंड	000044	प्रभास कुमार डोकानिया	27000	16-11-2008
40	किर्केंड	000049	प्रेमलता देवी	28500	06-09-2006
41	किर्केंड	000004	राजीव कुमार	37500	28-06-2001
42	किर्केंड	000006	रमेश कुमार अग्रवाल	37050	26-01-2002
43	किर्केंड	000088	सीता पराशर	36000	04-03-2003
44	किर्केंड	000099	श्रीमती संचिता बोस	18000	10-08-2014
45	किर्केंड	000035	सुदीप्ता कुमार रॉय	14250	10-05-2017
46	किर्केंड	000150	सुखेंदु कुमार रुद्र	6000	06-09-2022
47	किर्केंड	000111	सुलेखा चौधरी	22800	04-09-2011
48	मुग्मा	000005	जोगिंदर सिंह	19000	12-05-2008
49	मुग्मा	000033	मन्नू सिंह	19000	13-08-2007
50	मुग्मा	000006	मिहिर कुमार सिन्हा	19000	18-06-2007
51	मुग्मा	000040	राजेंद्र प्रसाद विभूति	12000	14-05-2015
52	मुग्मा	000039	राम लखन रॉय	20000	08-05-2007
53	मुग्मा	000034	रंजना शर्मा	5000	30-08-2021
54	मुग्मा	000012	शिव कुमार गोराई	20000	23-11-2006
55	मुग्मा	000044	श्रीकांत पाण्डेय	33600	14-03-1991
56	निरसा	000044	अमृता रुज	12000	20-01-2015
57	निरसा	000023	अनिल कुमार गोयल	13000	28-01-2014
58	निरसा	000021	माधो प्रसाद गोयल	9000	28-01-2018
59	पंचेट	000073	बबली कुमारी	17100	16-10-2009
60	पंचेट	000106	रबी रंजन प्रसाद	7600	14-02-2019
61	पंचेट	000137	रमेश राम	5000	25-04-2022
62	सरायढेला	000025	सीमा सिंह	7500	21-05-2022
63	सरायढेला	000085	शीतल सिंह	15000	14-09-2016

"उपर्युक्त सभी लॉकर धारक धनबाद अंचल में बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में लॉकर रख रहे हैं। हमने अतिदेय लॉकर किराये के भुगतान के संबंध में विभिन्न पत्र भेजे हैं। हालाँकि, विभिन्न अनुस्मारकों के बावजूद इसका भुगतान नहीं किया गया है। सभी लॉकर धारकों को एक बार फिर सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर उपरोक्त तालिका के कॉलम संख्या 4 में उल्लिखित अतिदेय किराया जमा करें। भुगतान न किए जाने की स्थिति में, बैंक इस प्रकाशन/ सूचना की तारीख से 07 दिनों के बाद लॉकर को उनकी (लॉकर धारकों की) लागत, व्यय तथा प्रभारों पर पूरी तरह से उनके जोखिम एवं जिम्मेदारी पर खोल देगा।"
दिनांक: 18.07.2026
स्थान: धनबाद
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
आंचलिक प्रबंधक
धनबाद अंचल

केन्द्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
द्वितीय तल, विश्व युवक केन्द्र, तीन मूर्ति मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली–110021
फोन: 011-21410905

रिक्ति घोषणा

केन्द्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी (सीएमएसएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW), भारत सरकार की केंद्रीय अधिप्राप्ति संस्था पात्र भारतीय नागरिकों से प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

क्र. सं.	पद का नाम	पद संख्या	आवेदन की अंतिम तिथि को आयु	वेतनमान/ मासिक वेतन (रु. में)	भर्ती का तरीका
01	संयुक्त निदेशक/ महाप्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन)*	01	56 / 55 वर्ष **	पे लेवल-12 (15600-39100) (प्रतिनियुक्ति के आधार पर) या 2,00,000/- + पीएफ (संविदा के आधार पर)	प्रतिनियुक्ति/ संविदा के आधार पर
02	प्रबंधक (प्रापण)	01	40 वर्ष	50,000/- + पीएफ	संविदा के आधार पर

** योग्य उम्मीदवार को प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर भर्ती किया जा सकता है, जो भी कार्य के लिए सबसे उपयुक्त हो। प्रतिनियुक्ति के आधार पर, अधिकारी को 'संयुक्त निदेशक' और संविदा के आधार पर अधिकारी को 'महाप्रबंधक' के रुप में नामित किया जाएगा।*

** आयु सीमा: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु 56 वर्ष तथा संविदा के लिए अधिकतम आयु 55 वर्ष है।

इच्छुक आवेदक विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, वेतनमान / मासिक वेतन, आवेदन पत्र, सामान्य नियम और शर्तों के विवरण हेतु recruitment@cmss.gov.in को ई–मेल भेज सकते हैं अथवा इसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (mohfw.gov.in) या CMSS वेबसाइट (cmss.gov.in) से डाउनलोड कर सकते हैं।

सीएमएसएस में 'भारतीय डाक' द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **02.09.2026** को **(05:30 सांय)** तक है।

नोट:– अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। डाक में देरी के लिए सीएमएसएस जिम्मेदार नहीं होगा। हाथ से दिए गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विज्ञापन संख्या: Admn/RECT/3/2026-ADMIN-CMSS /dated 19.07.2026
महाप्रबंधक (प्रशासन)

दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के तहत **दिनांक 20.07.2026 (सोमवार) से 26.07.2026 (रविवार) तक एक सप्ताह के रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम** के कारण, नीचे उल्लिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

● **निरस्तीकरण: (1) 68046/68045 आसनसोल–आद्रा–आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.07.2026, 21.07.2026, 22.07.2026, 23.07.2026, 24.07.2026 एवं 26.07.2026)। **(2) 63594/63593 आसनसोल–पुरुलिया–आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.07.2026, 21.07.2026 एवं 23.07.2026)। **(3) 68056 टाटानगर–आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 24.07.2026 एवं 25.07.2026)।

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: (1) 68056/68060 टाटानगर–आसनसोल–बराभूम एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.07.2026) **आद्रा** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/**आद्रा** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं आद्रा और आसनसोल के बीच इन ट्रेनों की सेवाएं निरस्त रहेंगी। **(2) 63594/63593 आसनसोल–पुरुलिया–आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 22.07.2026 एवं 25.07.2026) **आद्रा** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/**आद्रा** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं आद्रा और पुरुलिया के बीच इन ट्रेनों की सेवाएं निरस्त रहेंगी। **(3) 68055/68056 आसनसोल–टाटानगर–आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 21.07.2026 एवं 23.07.2026) **पुरुलिया** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/**पुरुलिया** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं पुरुलिया और टाटानगर के बीच इन ट्रेनों की सेवाएं निरस्त रहेंगी। **(4) 68055/68056 आसनसोल–टाटानगर–आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 22.07.2026) **आद्रा** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/**आद्रा** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं आद्रा और टाटानगर के बीच इन ट्रेनों की सेवाएं निरस्त रहेंगी।**(5) 68060 आसनसोल–बराभूम एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 24.07.2026 एवं 25.07.2026) **आद्रा** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं आसनसोल और आद्रा के बीच इस ट्रेन की सेवा निरस्त रहेगी। **(6) 68055 आसनसोल–टाटानगर एमईएमयू पैसेंजर** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 24.07.2026 एवं 25.07.2026) **आद्रा** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी एवं आद्रा और टाटानगर के बीच इस ट्रेन की सेवा निरस्त रहेगी। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
बोकारो स्टील प्लांट
बोकारो स्टील सिटी–827001, झारखण्ड, भारत

सार्वजनिक सूचना

लीज पर आवंटित क्षतिग्रस्त E/F/EF प्रकार के भूतल आवासों में निवासरत पात्र आवंटियों के **पुनर्वास/पुनः आवंटन योजना** के संबंध में जारी लीज परिपत्र सं. 01/2026 दिनांक 27.06.2026 के क्रम में यह सूचित किया जाता है कि पात्र आवेदकों को **एक और अवसर प्रदान करने हेतु आवेदन की तिथियों का विस्तार किया गया है।**

संशोधित कार्यक्रम निम्नानुसार है :

- **ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि :** 18.07.2026
- **TAMS पोर्टल पर आवेदन प्रपत्र उपलब्ध रहने की अवधि :** 18.07.2026 से 22.07.2026 तक
- **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :** 22.07.2026
- **हस्ताक्षरित आवेदन रसीद (Printed Application Receipt) जमा करने की